आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.12.2025 / संजय / 11:00बजे

प्रादेशिक समाचार

जी राम जी बिल

संसद ने विकसित भारत–रोज़गार और आजीविका मिशन गारंटी ग्रामीण जी राम जी विधेयक, 2025 ध्वनि मत से पारित कर दिया है। इसे राज्यसभा ने कल रात मंजूरी दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक से हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिन का रोजगार मिलेगा। राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार राष्ट्र प्रथम के विचार के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार समाज के वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाने लिए अथक प्रयास कर रही है।

सरकार विधेयक के माध्यम से वर्ष 2047 में विकसित भारत के राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा तैयार करना चाहती है। भाजपा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है और इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक विकसित भारत बनाने में सहायक होगा। कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ये विधेयक प्रवर समिति को भेजा जाना चाहिए।

सम्मेलन

विश्व स्वास्थ्य संगठन का पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा वैश्विक शिखर सम्मेलन आज नई दिल्ली में सम्पन्न होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आयुष क्षेत्र के माई आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल सहित कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान आयुष मार्क का भी अनावरण करेंगे। आयुष मार्क को आयुष उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए वैश्विक मानक के रूप में तैयार किया गया है

सेब पौध

प्रदेश में सेब बाहुल क्षेत्रों में इन दिनों नए बागीचों को स्थापित करने और नई पौध लगाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। बागवानों को उन्नत किस्म की सेब पौध मिले इसी उद्देश्य से बागवानी विभाग और बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा उन्नत किस्म के गुणवत्ता पूर्ण पौधों की बिक्री शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय के मशोबरा स्थित क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान केंद्र के सह निदेशक डॉक्टर दिनेश ठाकुर ने बागवानों से अपील की है कि पौध रोपण के समय उन्नत व गुणवत्ता पूर्ण सेब पौधों की ही खरीद करें जो विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त हो ताकि भविष्य में बागवानों को किसी प्रकार का नुक्सान न उठाना पड़े।

भुटिटको

बुनकर क्षेत्र में अग्रणी व देश–विदेश में कुल्लू शॉल, टोपी व अन्य स्थानीय उत्पादों के लिए प्रसिद्ध सहकारी संस्था भुटिटको ने अपना 81वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। समारोह के मुख्यातिथि भुटिटको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर रहे। उन्होंने कहा कि संस्था ने कड़ी मेहनत व ईमानदारी से इस क्षेत्र में अब तक कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और वे अपने उत्पादों को गुणवत्ता के साथ तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि सभा परिसर में बुनकरों के लिए कई व्यापक प्रबंध किए हैं ताकि उन्हें किसी तरह का आर्थिक नुक्सान न उठाना पड़े।

पोलियो मुक्त अभियान

देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए जहां लगातार केंद्र सरकार प्रयास कर रही है वहीं हिमाचल प्रदेश के लोग भी अभियान की सफलता के लिए बढ़–चढ़कर अपना योगदान दे रहे हैं। इस सफल अभियान का ही परिणाम है कि पिछले 15 वर्षों में जिला चंबा में पोलियो का एक भी मामला सामने नहीं आया है। पलस पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की कड़ी में 21 दिसंबर को देश भर में शून्य से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। चंबा जिला में भी अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

*पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत चम्बा जिला में 542 बूथ स्थापित किए गए हैं जहां करीब 52 हजार बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी व भरमौर में भी इसी दिन इस अभियान को अमलीजामा पहनाया जाएगा जिसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपासवाल के अनुसार  जिला में पर्याप्त मात्रा मे खुराक पहुँच चुकी है ओर स्वास्थ्य कर्मियोंए आंगनवाड़ी करकर्ताओं व आशा वर्करों की नियुक्तियां कर दी गईं हैं। इस दिन बूथ पर न पहुँचने वाले बच्चों को आगामी दो दिनों तक घर घर जाकर पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। प्रशासन का नुख्य फोकस कांगड़ा जिला के साथ लगती चंबा की सीमा पर स्थापित बंगाली कॉलोनी ओर चंबा में बाहरी राज्यों से आए बच्चे रहेंगे जबकि बॉर्डर पर वाहनों को रोककर उनमें सवार  बच्चों को भी खुराक पिलाई जाएगी।*